Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 13-03-2007

Participants : Thummar Shri Virjibhai

Title: Need to start an F.M. Radio Station in Amreli, Gujarat - laid.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मनोरंजन के साधनों में एफ एम ने काफी प्रगति की है और लोगों में काफी लोकप्रिय है। मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में विशोकर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के पास मनोरंजन के साधन ज्यादा नहीं हैं। एफ एम प्रसारण सुविधा को अमरेली में शुरू करवाने हेतु मैं अनेकों पत्र लिख चुका हूं और हर बार अगले साल विचार करने हेतु कहा जाता है परन्तु आज तीन साल हो गये हैं और मेरा संसदीय क्षेत्र अमरेली आ तक इससे वंचित है। मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के लोगों की तीव्र मांग है कि अमरेली में एफ एम रेडियो की सुविधा तत्काल दी जाये जिससे लोगों को मनोरंजन की आधुनिक सुविधा मिल सके।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में एफ एम रेडियो स्टेशन की स्थापना शीघ्र की जाये।